मगन हुए हैं भोलेनाथ आई है शिवरात्रि

सावन का महीना बहना घटा उठी,
मेरी बहना मगन हुए हैं भोलेनाथ आई है शिवरात्रि.....

रिमझिम रिमझिम बुंदिया पड़ी,
मेरी बहना पर्वत पर झूमे भोलेनाथ आई है शिवरात्रि.....

जल का तो लोटा ले लो हाथ में,
मेरी बहना मंदिर में भोले को नवाओ आई है शिवरात्रि.....

भांग धतूरा और बेल पाती,
मेरी बहना भोले को देओ रे चढ़ाए आई है शिवरात्रि......

सास ननंद ले लो साथ में,
मेरी बहना भोले के भजन सुनाओ आई है शिवरात्रि......

गौरा मैया भोले के साथ में,
मेरी बहना डमरू बजे है कैलाश में आई है शिवरात्रि....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32606/title/magan-huye-hai-bholenath-aayi-hai-shivratri

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |